हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-21 हरिद्वार, रविवार, 15 सितम्बर, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

# सीएम ने किया युवा धर्म संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पतंजलि ऑडिटोरियम में आयोजित युवा धर्म संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेवा संस्थानम द्वारा आयोजित चतुर्थ युवा धर्म संसद में पहुँचे सभी महानुभावों तथा युवा शक्ति का देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि 11 सितम्बर 1893 में स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा अमेरीका के शिकागो शहर में दिए गए उद्बोधन को आधार मानकर आयोजित यह कार्यक्रम देश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए अवश्य ही प्रेरित करेगा क्योंकि यह संसद निष्ठावान और जागरूक नागरिकों के निर्माण का कार्य करती है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा देश के प्रति जिम्मेदार भी है और कर्तव्य परायण भी, यह धर्म संसद विकसित राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक वहां की युवाशक्ति संगठित तथा आत्मनिर्भर व राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित न हो। उन्होंने कहा कि आज भारत एक युवा देश के रूप में जाना जाता है और अगर देश के युवा सही दिशा में कार्य करेंगे तो निश्चित ही हमारा देश पुन: विश्व गुरू के पद पर आसीन होगा। देश को विश्व गुरू बनाने तथा वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को अपने कन्धों पर जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि युवा सकारात्मक सोच के साथ अपनी रूचि के अनुसार कार्य क्षेत्र का चुनाव करें और यह स्मरण रहे कि राष्ट्र प्रथम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा विकल्प रहित संकल्प होना चाहिए क्योंकि संकल्प में विकल्प ले आते हैं तो संकल्प वहीं पर समाप्त हो जाता है, हमारे रास्ते बदल जाते हैं, मंजिल हमसे दूर हो जाती है और सपने हम से रूठ जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय संस्कृति को संपूर्ण विश्व में पहचान मिल रही है और भारतीय सनातन संस्कृति की अनमोल धरोहर योग और प्राणायाम को पूरा विश्व अपना रहा है। आज विश्व के अनेक देशों में लोग, गीता के सार को सुन भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के साथ ही देश को आगामी 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के मिशन पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अध्यात्म की धरती रही है। सरकार उत्तराखंड के अंदर धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने दून विवि में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में उत्तराखंड के युवा भी आगे बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड के युवा आज स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। देश के युवाओं में पर्याप्त सामर्थ्य और ऊर्जा है। आप सभी युवा भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए संकल्पबद्ध हैं। कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चम्पत राय, सिद्धपीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या आचार्य मिथिलेश नंनिदनी शरण जी महाराज, बाबा रामदेव ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चैधरी, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा शोभाराम प्रजापति, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल उपस्थित थे।

# शिक्षा निदेशालय और ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल की सड़क भी बदहाल

देहरादून(संवाददाता)। शहर में कुछ ऐसी भी सड़कें हैं, जिन पर रोजाना अफसरों के वाहन रोज हिचकोले खा रहे हैं। शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा और रेसकोर्स ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल के हाल देख लीजिए, इन सड़कों पर चलना मुश्किल हो रखा है। सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं, यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है। दून में सड़कों की दशा नहीं सुधर रही है। मुख्य सड़कों के साथ ही कॉलोनियों की सड़कों के भी बुरे हाल हैं। अधिकारियों के दफ्तर और आवासों तक पहुंचने वाली सड़कों के भी हाल खराब हैं। शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा जाने वाली सड़क के हालात बेहद खराब हैं। सड़क का आधा हिस्सा बह रखा है, जो पूरी तरह से गड्ढे तब्दील हो रखा है, यहां वाहन बमुश्किल पास हो रहे हैं। ऐसे ही हाल रेसकोर्स स्थित ऑफिसर्स ट्रांजिस्ट हॉस्टल जाने वाली सड़क के हैं, यहां कई आईएएस और पीसीसीएस अधिकारी रहते हैं, लेकिन सड़क कई जगह खुदी हुई है, कुछ जगहों पर गड्ढे बने हुए हैं, जिस कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो रखा है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जब अधिकारियों के आवास और दफ्तरों तक पहुंचने वाली सड़कों की दशा नहीं सुधर पा रही है तो आम लोगों की कॉलोनियों की सड़कें कैसे ठीक होंगी? कुछ जगहों पर सड़कों की मरम्मत और पैचवर्क का काम शुरू कर दिया है।

# भेल ने नौसेना के लिए निर्मित की पहली अपग्रेडेड एसआरजीएम तोप

हरिद्वार, संवाददाता। बीएचईएल हरिद्वार के रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग द्वारा भारतीय नौसेना के लिए निर्मित सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) तोप को भेल के कार्यपालक निदेशक टी.एस. मुरली ने हरी झंडी दिखाकर बालासोर (उड़ीसा) के लिए रवाना किया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक टी.एस. मुरली ने कहा कि यह तोप देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में बेहद अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस तोप का निर्माण एवं आपूर्ति प्रत्येक बीएचईएल कर्मी के लिए आत्मगौरव का विषय है। उल्लेखनीय है कि यह तोप 35 किलोमीटर के दायरे में हवा, पानी और समुद्र में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। साथ ही लक्ष्य की स्थिति के आधार पर विभिन्न प्रकार के गोला बारूद का चयन करने में भी सक्षम है।

भारतीय नौसेना द्वारा बीएचईएल को दिए गए 38 अपग्रेडेड एसआरजीएम तोप के आर्डर के अंतर्गत निर्मित यह पहली तोप है। इसके बाद बीएचईएल द्वारा 37 और अपग्रेडेड एसआरजीएम तोप की आपूर्ति की जाएगी। बीएचईएल पिछले तीन दशकों से भारतीय नौसेना के लिए एसआरजीएम का निर्माण कर रहा है तथा अब तक कुल 44 तोप की आपूर्ति भी कर चुका है। इस अवसर पर भेल महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय नौसेना तथा इटली की सहयोगी कंपनी लियोनार्डो के प्रतिनिधि, रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग की टीम तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कार्यपालक निदेशक टीएस मुरली ने हरी झंडी दिखाकर तोप को उड़ीसा रवाना किया**

# व्यास के शिक्षा निदेशक बनने पर खुशी

नई टिहरी। विद्यालयी शिक्षा विभाग में कार्यरत अपर निदेशक कुमाऊं लीलाधर व्यास को माध्यमिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी मिलने पर पैतृक गांव विशन और पूरे भिलंगना क्षेत्र में उत्साह बना है। स्थानीय लोगों ने कहा कि विभाग के दूसरे सर्वोच्च पद पर पहुंचकर व्यास ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों की समस्याएं हल होंगी। बीते बुधवार को शासन ने व्यास को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। उनकी नियुक्ति पर विधायक शक्ति लाल शाह, जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण, प्रमुख बसुमति घणाता, जिपं सदस्य सोना नौटियाल, गिरीश नौटियाल, डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत सुरीरा, बूढ़ाकेदार मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, प्राशिसं के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर नेगी, लोकेंद्र सिंह, प्रधान सनोप सिंह राणा आदि ने खुशी जताई है।

# नवनियुक्त भाजपा महिला जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजना चतुर्वेदी का गुरुवार को राम धाम कॉलोनी में पंडित कमलाकर शास्त्री के सौजन्य से लोकेश चौधरी के आवास पर आयोजित गणपति महोत्सव कार्यक्रम में भव्य स्वागत किया गया एवं राजनीतिक क्षेत्र में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रंजना चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा हाईकमान की ओर से उन्हें भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ने सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। स्वागत कार्यक्रम में भाजयुमो अध्यक्ष नितिन चौहान, महामंत्री प्रीति गुप्ता, निवर्तमान सभासद गरिमा, जिला मीडिया प्रभारी रंजीता झा, संगीता बंसल, शिवांगी शर्मा अर्चना झा, रुचि ओझा, खुशबू विनीता, माला चौहान, पुष्पा सिंह, चंदा, सीमा, कविता, पूनम, सुशीला एवं अन्य



बहनें उपस्थित रही।

## सम्पादकीय

### महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी

भारत के गांवों को बचाने के लिए खेती को बचाना आवश्यक है, और खेती बचाने के लिए महिलाओं को साधन संपन्न बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकारी नियमों के हिसाब से अभी किसान केवल वही माने जाते हैं, जिनके नाम से जमीन होती है, ऐसे में कितनी ही महिलाएं किसान के रूप में पहचानी जाने से वंचित रह जाती हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि अगर महिला किसानों को कृषि कार्य में समान अधिकार हासिल होगा, तो उत्पादन में चालीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही, वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी और समाज को भी आगे ले जा सकेंगी। कहा जाता है कि जब आप गांव में एक महिला को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त तथा समृद्ध बनाते हैं तो वह महिला न केवल अपने परिवार को, अपने गांव को, बल्कि अपने देश को सुदृढ़ बनाती है। यही मूल कारण बनता है देश के विकास और अर्थव्यवस्था में सुधार का। ऐसे में जरूरत है दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की। अगर महिलाओं को पुरुषों के बराबर परिसंपत्तियां, कच्चा माल और सेवा जैसे संसाधन मिलें, तो समस्त विकासशील देशों में कृषि उत्पादन ढाई से चार फीसद तक बढ़ सकता है। इससे भूखे लोगों की तादाद को बारह से सत्रह फीसद तक कम किया जा सकता है। इससे लोगों की आमदनी भी बढ़ती, जिससे जीवन स्तर और जीवन सुरक्षा में भी इजाफा होता। पुरुषों का रोजगार के लिए गांवों से शहरों की तरफ पलायन होने के कारण कृषि कार्य में महिलाओ की भूमिका बढ़ रही है। इसलिए महिलाओं की कृषि कार्य में हिस्सेदारी बढ़ी है। वहीं आज की वर्तमान चुनौती जैसे कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण रोकने और प्रबंधन में महिलाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। महिलाएं कृषि में बहुआयामी भूमिका निभाती आ रही हैं। बुवाई से लेकर रोपाई, निराई, सिंचाई, उर्वरक डालना, पौध संरक्षण, कटाई, भंडारण आदि सभी प्रक्रियाओं से वे जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा वे कृषि संबंधी अन्य धंधों जैसे, मवेशी पालन, चारे का संग्रह, दुग्ध और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों जैसे मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, सूकर पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि में भी सक्रिय रहती हैं। साफ है, अगर महिलाओं को अच्छा अवसर तथा सुविधा मिले तो वे देश की कृषि को द्वितीय हरित क्रांति की तरफ ले जाने के साथ देश के विकास का परिदृश्य भी बदल सकती हैं।

## टूथब्रश खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, दांतों को नहीं होगा कोई नुकसान

टूथब्रश मौखिक स्वच्छता का आधार है, लेकिन इसका चयन अधिकतर लोग गलत तरीके से करते हैं। दरअसल, टूथब्रश खरीदने से पहले उसकी सामग्री, डिजाइन और सुविधाओं को ध्यान में रखना जरूरी है ताकि उसके इस्तेमाल से दांतों और मसूड़ो को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। आइए आज हम आपको पांच ऐसी बातें बताते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर टूथब्रश करना ही मुंह के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**टूथब्रश के ब्रिसल्स की सामग्री और बनावट पर दें ध्यान**

अधिकतर टूथब्रश नायलॉन से बने होते हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि उनके ब्रिसल्स सॉफ्ट हों क्योंकि टाइट ब्रिसल्स से मसूड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, आकार की बात करें तो क्रिस-क्रॉस एक्शन और स्ट्रेट डिजाइन जैसे विकल्पों को चुनें। वैसे आजकल टूथब्रश बिसल्स में एक्टिवेटिड चारकोल जैसी सामग्री भी आ रही है, लेकिन आप वहीं टूथब्रश चुनें, जो सॉफ्ट हों।

विशेषज्ञों के मुताबिक, टूथब्रश खरीदते समय उसके हेड पर भी ध्यान देना चाहिए। हमेशा ऐसा टूथब्रश खरीदना चाहिए, जिसका हेड छोटा और चिकना हो। अगर ब्रश का हेड छोटा होगा तो ये आसानी से आपके पीछे के दांतों को साफ करेगा। इसके अलावा, ब्रश खरीदते समय ध्यान रखें कि ब्रश का हैंडल भी देंखे और यह अच्छी पकड़ वाला होना चाहिए ताकि ब्रश करते समय यह हाथ से न फिसलें।

**अतिरिक्त सुविधाएं भी हैं जरूरी**


आजकल मार्केट कई ऐसे टूथब्रश आ गए हैं, जिनसे आपको अतिरिक्त सुविधाएं मिल सकती हैं, इसलिए उन पर भी थोड़ा ध्यान दें। इन दिनों ऐसे टूथब्रश आसानी से उपलब्ध हैं, जो आपके मसूड़ों और जीभ को साफ करने में मदद करते हैं। वहीं, संवेदनशील दांतों के लिए, मुलायम ब्रिसल्स वाला ब्रश चुनना सुनिश्चित करें और ब्रश को दांतों पर बहुत कम या अधिक दबाव के साथ न रखें।

**ब्रश करने का सही तरीका**

अक्सर लोग इस बात से वाकिफ नहीं होते कि टूथब्रश करने का सही तरीका क्या है और समस्या की शुरुआत यहीं से होती है। सही तरीके से ब्रश करने के लिए अपने मुंह को चार हिस्सों में विभाजित करें और प्रत्येक हिस्से के हर कोने में कम से कम 30 सेकंड तक ब्रश करें। इसके अलावा, अपनी जीभ को भी जरूर साफ करें क्योंकि जीभ के कोनों और दरारों में कीटाणु पनप सकते हैं।

# आइए ! हम हिंदी के प्रकाश पुंज को आलोकित करें !

**सुनील कुमार महला**




14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्यों कि इसी दिन यानी कि 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था। वास्तव में सितंबर का महीना विशेष रूप से हिंदी को समर्पित है और इस महीने में हम सभी हिंदी में अधिकाधिक सरकारी कामकाज करने का संकल्प भी लेते हैं। हिंदी दिवस, हिंदी पखवाड़ा के दौरान देश के प्रत्येक केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी पर अनेक प्रतियोगिताओं, संगोष्ठियों, सेमिनारों का आयोजन किया जाता है और पुरस्कार भी बांटे जाते हैं। हम न केवल सरकारी कामकाज करने में बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लेते हैं,लेकिन यहां यह विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर क्या कारण हैं कि एक हिंदी बाहुल्य वाले देश में हमें हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए दिवस मनाना पड़ रहा है और इसके अधिकाधिक प्रचार प्रसार के लिए पुरस्कार तक बांटने पड़ रहे हैं। वास्तव में यदि हमें हिंदी भाषा का विकास करना है तो हमें संविधान की आठवीं अनुसूची में निहित सभी भारतीय भाषाओं को एक साथ लेकर चलना होगा। हिंदी को सभी भारतीय भाषाओं से शब्द अपने में समाहित करने होंगे तभी इसका शब्दकोश और अधिक व्यापक बन सकेगा। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अनुच्छेद 351 %भारत के संविधान का एक अनुच्छेद है। यह संविधान के भाग 17 में शामिल है और संघ की राजभाषा के विशेष निदेश का वर्णन करता है। यह अनुच्छेद हिंदी भाषा के प्रसार और विकास को सुनिश्चित करता है और साथ ही इस उद्देश्य हेतु संघ या राष्ट्रीय सरकार के कर्तव्यों को भी व्याख्यायित करता है। इस अनुच्छेद में यह कहा गया है कि संघ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भारत के विविध सांस्कृतिक तत्वों के लिए अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। इसमें हिंदी की विशिष्ट विशेषताओं हिंदुस्तानी जैसी अन्य भारतीय भाषाओं और भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट भाषाओं में उपयोग किए जाने वाले रूपों, शैली और अभिव्यक्तियों को बदले बिना आत्मसात करने का निर्देश दिया गया है। इस अनुच्छेद में यह भी वर्णित है कि संघ को संस्कृत पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ-साथ जहाँ आवश्यक या वांछनीय हो वहाँ अन्य भाषाओं की शब्दावली का उपयोग करके हिंदी को समृद्ध करने का प्रयास करना चाहिए।% दरअसल, आज अंग्रेजी भाषा को ही हम अधिक महत्व दे रहे हैं, क्यों कि एक आम सोच यह विकसित हो चुकी है कि अंग्रेजी के बिना कोई भी काम नहीं चल सकता है, जबकि यह सोच बहुत ही तुच्छ और ग़लत है। भाषा कोई भी हो,कभी अच्छी व बुरी नहीं होती है। सभी भाषाएं अपने आप में अच्छी हैं और उनका अपना शब्दकोश व व्याकरण है। हिंदी का अपना एक व्यापक शब्दकोश है और एक-एक भाव को व्यक्त करने के लिए सैकड़ों शब्द हैं। हिन्दी लिखने के लिये प्रयुक्त देवनागरी लिपि अत्यन्त वैज्ञानिक है। हिंदी को संस्कृत शब्द संपदा एवं नवीन शब्द-रचना-सामर्थ्य विरासत में मिली है। यह भी एक तथ्य है कि देशी भाषाओं एवं अपनी बोलियों आदि से शब्द लेने में संकोच नहीं करती। अंग्रेजी के मूल शब्द लगभग 10,000 हैं, जबकि हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या ढाई लाख से भी अधिक है। एक आंकड़े के अनुसार आज हिन्दी बोलने एवं समझने वाली जनता पचास करोड़ से भी अधिक है। इतना ही नहीं, हिंदी दुनिया की दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और इसका साहित्य सभी दृष्टियों से समृद्ध है। हिन्दी आम जनता से जुड़ी भाषा है तथा आम जनता हिन्दी से जुड़ी हुई है। हिंदी भारत के स्वतंत्रता-संग्राम की वाहिका और वर्तमान में देशप्रेम का अमूर्त-वाहन है। यह भारत की सम्पर्क भाषा है। हिंदी आज पत्रकारिता, सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंजीनियरिंग, मेडिकल, साइंस, स्पेस समेत अनेक क्षेत्रों की भाषा है और कोई क्षेत्र ऐसा बचा नहीं है जहां हिंदी का प्रयोग नहीं हो रहा है। यह बहुत ही सरल,सहज व वैज्ञानिक दृष्टिकोण लिए हुए बहुत ही शानदार व सशक्त भाषा है। जानकारी मिलती है कि आज इसमें( हिंदी भाषा में) लगभग 1.5 लाख शब्द हैं और अध्ययन की सभी शाखाओं के तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं, जो कि काफी अच्छी संख्या है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज विज्ञान और मानविकी की सभी शाखाओं को सम्मिलित करने पर हिंदी का एक व्यापक शब्द-भंडार बनता है। हम अंग्रेजी सीखें, विश्व की अन्य कोई भी भाषाएं सीखें, पढ़ें, लिखें और बोलें लेकिन अपनी स्वभाषा को कभी भी नहीं छोड़ें, क्यों कि जो बात हम अपनी स्वयं की भाषा में सहजता से किसी दूसरे तक पहुंचा सकते हैं, वह किसी अन्य भाषा में नहीं। हिंदी हमारे देश की संस्कृति, हमारी सभ्यता, हमारी अखंडता, हमारी अनेकता में एकता की अनूठी पहचान है। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतवर्ष के संविधान के भाग-5 के अनुच्छेद 120, भाग-6 के अनुच्छेद 210 एवं संविधान के भाग-17 में अनुच्छेद 343 से 351 में राजभाषा हिंदी संबंधी प्रावधान किए गए हैं। इन्हीं प्रावधानों के अनुक्रम में जारी अधिनियमों नियमों आदेशों एवं निर्देशों के अनुपालन में भारत सरकार राजभाषा हिंदी के विकास एवं प्रचार प्रसार के लिए लगातार प्रयासरत है। भारत के नागरिक होते हुए हम सभी को यह जानकारी होनी चाहिए कि राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए नीति-निर्देशों का सही से अनुपालन एवं विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में कार्य करना संघ सरकार के प्रत्येक कार्यालय का कर्तव्य है। देश के प्रत्येक नागरिक को यह चाहिए कि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के क्षेत्र में वे अपनी अग्रणी भूमिका निभायें। यह ठीक है कि आज अंग्रेजी विश्व स्तर की भाषा बनकर उभरी है लेकिन राजभाषा हिंदी के सर्वोच्च शिखर पर कायम रहना वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। आज केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में प्रयोग की जाने वाली हमारी सरल और सहज राजभाषा हिंदी के विकास और प्रगति के लिए कुछ बिंदुओं पर हमेशा ध्यान देने की जरूरत है जैसे कि क और ख क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ राजभाषा हिंदी में किया जा रहा शत प्रतिशत पत्राचार बनाए रखा जाए। साथ ही साथ अंग्रेज़ी में प्राप्त पत्राचार आदि का जवाब नियम-5 के तहत राजभाषा हिंदी में दिया जाए। केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में कार्यालय टिप्पणी (नोटिंग) में यथासंभव राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए। इतना ही नहीं, प्रत्येक डाक को राजभाषा हिंदी में चिह्नित (मार्क) किया जाकर हिंदी को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यालयों में केवल यूनिकोड फॉंट का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए एवं इंस्क्रिप्ट %की-बोर्ड% का प्रयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को यह चाहिए कि पात्र अधिकारियों और कार्मिकों के ए पी ए आर एवं सेवा पुस्तिकाओं में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन संबंधी प्रविष्टियां प्रतिवर्ष सुनिश्चित करें। हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना हम सभी का संवैधानिक व नैतिक दायित्व है। हम सभी फाइलों में हिंदी में अधिकाधिक कार्य करें और पंजिकाओं को हिंदी में रख-रखाव करें। हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रचार प्रसार के लिए राजभाषा के नीति निर्देशों समीक्षाओं और निरीक्षण रिपोर्टों के अनुसार निर्धारित लक्ष्यों हेतु ठोस उपाय एवं जांच बिंदु सुनिश्चित करें एवं हमेशा हिंदी में मूल रूप से कार्य करें। राजभाषा के प्रयोग, इसके प्रचार एवं प्रसार के लिए राजभाषा प्रतिज्ञा का पालन सुनिश्चित करें हिंदी बहुत सरल और लचीली भाषा है, जिसे सीखने में किसी विशेष कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज संसार की उन्नत भाषाओं में हिंदी सबसे अधिक व्यवस्थित भाषा है। हिंदी एक मात्र ऐसी भाषा है जिसके अधिकतर नियम अपवादविहीन है। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं। एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिंदी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि राष्ट्र शरीर है तो धर्म उसकी आत्मा और भाषा उसकी सांस्कृतिक संवाहक। बिना अपनी मातृभाषा के कोई भी संस्कृति मूक होकर मृतप्राय हो जाती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व को समेट हिंदी अब विश्व में लगातार अपना फैलाव कर रही है। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि इस समय विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है जो हिंदी के बढ़ते प्रयोग और प्रभाव का संकेतक है। निस्संदेह हिंदी दुनिया की सर्वाधिक तीव्रता से प्रसारित हो रही भाषाओं में से एक है। आंकड़ों की बात करें तो आज विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करोड़ लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। 1.12 अरब बोलने वालों की संख्या के साथ अंग्रेजी पहले स्थान पर है। चीनी भाषा मेंडरिन बोलने वाले करीब 1.10 अरब हैं। 51.29 करोड़ और 42.2 करोड़ के साथ स्पैनिश और अरबी का क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान है। तो आइए हम अपनी भाषा को एक प्रकाश पुंज के रूप में हमेशा आलोकित करने की दिशा में आगे बढ़ें।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी ने की केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट

## शीघ्र ही उत्तराखंड आयेंगे केन्द्रीय कृषि मंत्री : गणेश जोशी




**नई दिल्ली (संवाददाता)।** प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जैविक उत्पादों से निर्मित किट एवं रेशम से निर्मित शॉल भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को उत्तराखंड में होने वाले कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया।

इस दौरान सूबे के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अधूरे कार्यों की समय सीमा को मार्च 2025 तक बढ़ाने के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया। मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पीएमजीएसवाई चतुर्थ योजना की केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत पर्वतीय राज्यों के लिए 2011 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम आबादी मानदंड 250 है। प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत 250 से अधिक आबादी वाले लगभग 474 बसावटो की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 2011 की जनगणना के अनुसार 150 से 249 की आबादी वाली 407 बसावटे भी असंयोजित है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान से आग्रह करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की कठिन भौगोलिक स्थिति और सामरिक महत्व को देखते हुए इन बसावटो को जोड़ना आवश्यक है। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार इन बसावटो को जोडने के लिए लगभग 3200 कि.मी. सडक लम्बाई और लगभग 2900 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की विषम भौगोलिक स्थिति और राज्य के सीमित वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के लिए इस योजना के अन्तर्गत आबादी मानदंड को 150 तक शिथिल करने का केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पीएमजीएसवाई तृतीय में शेष कुछ पुल व सड़कों को भी स्वीकृति करने का आग्रह किया। मंत्री गणेश जोशी ने पिछले दिनों 2288 किलोमीटर की 212 सड़कों के लिए मिली ?1825 करोड की धनराशि के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के किसानों की फसलों को जंगली जानवरो से सुरक्षा के लिए घेरबाड का भी आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध कर कहा कि प्रदेश को प्रति वर्ष रू0 100 करोड धनराशि (पाँच वर्ष हेतु कुल रू0 500.00 करोड की धनराशि) घेरबाड कराने हेतु अवमुक्त कराने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में 11 जनपदों के 6400 है0 क्षेत्रफल में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव पर धनराशि अवमुक्त कराने का आग्रह भी किया।

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र मामले में कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# कुछ लोग हमें जातिवादी में बांटना चाहते है : रामदेव



**हरिद्वार (संवाददाता)।** योगगुरु रामदेव ने कहा कि कुछ लोग हमें जातिवाद में बांटना चाहते हैं। जब तक इस देश में राम और कृष्ण के वंशज जिंदा हैं, यह अधर्मी लोग हम पर काबिज नहीं हो सकते। कहा कि राम हमारे आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ है, जिसे धारण किया जाए। कहा कि जो धर्म को धारण करे वो समर्थ बनेगा। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ में युवा धर्म संसद को संबोधित कर कही। योगगुरु रामदेव ने कहा कि युवाओं को सदैव उत्साह से लबरेज रहना चाहिए। युवाओं को अपनी ऊर्जा को उसे सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। युवाओं में शौर्य, वीरता और पराक्रम के साथ विनम्रता भी होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि वह अपने धार्मिक ग्रंथों के बारे में जानकारी जरूर रखें। कहा कि मुस्लिम समाज के 50 प्रतिशत लोगों को कुरान की जानकारी होती है। इसी तरह हिन्दू समाज के लोगों को गीता के प्रमुख श्लोक कंठस्थ होने चाहिए।

## ऑनलाइन फेस्टिव शॉपिंग के लिए भारतीय ग्राहक तैयार

**देहरादून (संवाददाता)।** भारत में हर साल की तरह इस बार भी त्योहारों की तैयारियां पूरे जोर पर हैं। त्योहारों की इस तैयारी के बीच अमेजन इंडिया ने इप्सोस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक स्टडी करवाई है इस स्टडी से पता चलता है कि इस साल त्योहारों पर खरीदारी को लेकर ग्राहक काफी उत्साहित हैं। सर्वे में शामिल लोगों में से 89 प्रतिशत ने बताया कि वे आगामी त्योहारों के लिए कितने उत्साहित हैं। वहीं 71 प्रतिशत ने इस त्योहारी मौसम में ऑनलाइन खरीदारी करने का इरादा जताया है। सर्वे में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस और खरीदारी की इच्छा में वृद्धि साफ देखने को मिली है। ऑनलाइन खरीदारी का इरादा रखने वाले लगभग 50 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे पिछले साल की तुलना में इस साल ऑनलाइन त्योहारी खरीदारी पर ज्यादा खर्च करेंगे।

# सूर्यराग होंगे बदरीनाथ के नए नायब रावल

**देहरादून (संवाददाता)।** श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा बदरीनाथ धाम के नायब रावल पद के लिए चयन कर दिया है। सूर्यराग पी0 बदरीनाथ धाम के नए नायब रावल होंगे। चयनित नायब रावल ने शुक्रवार को बीकेटीसी कार्यालय पहुंच कर अध्यक्ष अजेंद्र अजय से भेंट की। विगत दिनों बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वरा प्रसाद नंबूदरी के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के पश्चात बीकेटीसी द्वारा नायब रावल अमरनाथ के0वी0 नम्बूदरी को रावल पद पर प्रोन्नति दे दी गयी थी। इसके पश्चात नायब रावल पद पर नियक्ति की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। इसके लिए केरल के दो प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे। शैक्षिक योग्यता व अन्य निर्धारित अर्हताओं के आधार पर बीकेटीसी ने साक्षात्कार के बाद सूर्यराग पी0 का इस पद के लिए चयन किया है। चयनित नायब रावल ने आज देहरादून पहुंच कर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय से भेंट की। अजेंद्र ने उन्हें नायब रावल पद पर चयन की बधाई दी। 25 वर्षीय सूर्यराग शनिवार को बदरीनाथ धाम पहुंच कर नायब रावल का पदभार ग्रहण करेंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर एक्ट-1939 में नायब रावल के पद पर नामांकित करने का अधिकार टिहरी के महाराजा को दिया गया है। इस क्रम में बीकेटीसी द्वारा पूर्व की टिहरी रियासत के महाराजा मनुजयेंद्र शाह से सहमति लेकर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ की। साक्षात्कार बोर्ड में सदस्य के रूप में राज परिवार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि को भी शामिल किया गया था। नायब रावल पद पर दक्षिण भारत के केरल राज्य के नम्बूदरी ब्राह्मण नियुक्त होते हैं। नायब रावल ही प्रोन्नत होकर बदरीनाथ के रावल नियुक्त होते हैं।

## राष्ट्रीय पोषण माह: रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें

**देहरादून (संवाददाता)।** एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर)- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन (एनआईएन) ने हाल ही में भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि अच्छी सेहत के लिए रोजाना बादाम को नट के रूप में लेना चाहिए।

## बारिश से ध्वस्त हो रही दुकानों एवं भवनों में तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करें सरकार -बिट्टू कर्नाटक

**अल्मोड़ा (संवाददाता)।** पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जारी एक बयान में कहा कि पूरे प्रदेश में विगत दो दिनों से हो रही भारी बारिश से जनजीवन बाधित हो रहा है लगातार बारिश के कारण लोगों के आवासीय भवन,दुकाने आदि टूटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।आज भी बेस अस्पताल के निकट कुछ दुकानें आपदा की भेंट चढ़ गयी तथा पूरी तरह ध्वस्त हो गयी।उन्होंने प्रशासन तथा प्रदेश सरकार से तत्काल रूप से प्रभावितों को आर्थिक सहायता देने के साथ ही पुनर्निर्माण के लिए पीड़ितों की यथासंभव मदद करने की अपील की है इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अल्मोड़ा विधानसभा के नगरीय क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के भवन, दीवार आदि को बरसात से जो नुकसान हो रहा है ऐसे मामलों में तत्काल रूप से प्रभावितों को उनके भवन या अन्य नुकसान के आंकलन से तत्काल आर्थिक सहायता प्रशासन मुहैया कराए। उन्होंने कहा कि आज बारिश में बेस परिसर के निकट जो दुकानें पूरी तरह टूटकर जमींदोज हो गयी है उसमें भी प्रभावितों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि उनके परिवार की गुजर बसर हो सके।

## विवेचना में लापरवाही की गाज एसआई पर गिरी, एसएसपी ने किया निलंबित

**रुद्रपुर (संवाददाता)।** पांच माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विवेचना को लंबित रखना उप निरीक्षक को महंगा पड़ गया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कार्य में लापरवाही करने के मामले में उप निरीक्षक को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि अगर किसी विवेचक द्वारा बेवजह विवेचना को लंबित रखा जाएगा, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। जनपद की कमान संभालने के बाद से ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा सख्त दिखाई दे रहे हैं। वन विभाग की सूचना के बावजूद भी कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में चैकी इंचार्ज को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद दिनेशपुर थाने में तैनात सिपाही को पत्नी से मारपीट करने के मामले में भी सस्पेंड किया गया था।

# सीएम योगी ने कहा- प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती, विपक्ष पर साधा निशाना



लखनऊ ,एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनस्यता पैदा करके देश के दुश्मनों को प्रोत्साहित करने वाले गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे?

सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने एजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और सामाजिक वैमनस्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उन्हें हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में हम 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे, तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब है कि 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया।

वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया। सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा।

जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है। ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं। श्रद्धेय अटल को एक व्यापक जीवन का अनुभव था और उस अनुभव को उन्होंने अपने शब्दों से, अपने काव्यों के माध्यम से और जब सरकार में आने का अवसर प्राप्त हुआ तो इन बुराइयों से लड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य किया था। सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, उसे सुशिक्षित किए बगैर आप सभ्य और समर्थ समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बने। बिना भेदभाव के समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, चेहरा, क्षेत्र और भाषा पूछे बगैर देश, समाज, सरकार के संसाधनों पर अधिकार मिलना चाहिए। इसी अधिकार का अहसास दिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय को शिक्षा के एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है।सीएम ने कहा कि अभी औपचारिक रूप से एक क्लास रूम में बच्चों के साथ इंटरैक्शन का अवसर मिला। प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती। प्रतिभा कहीं भी पैदा हो सकती है, उसको सिर्फ एक मंच देना है। उसके लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाना है और यही सरकार का दायित्व होना चाहिए।

# ड्रग तस्करी मामला : बिक्रम मजीठिया के खिलाफ ईडी की जांच शुरू, एसआईटी से मांगे दस्तावेज

चंडीगढ़ ,एजेंसी। राज्य के बहुचर्चित ड्रग्स तस्करी मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की मुश्किलें बढ़ गई है। इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बिक्रम मजीठिया के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। ईडी ने मामले में गठित स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए केस से संबंधित ब्यौरा मांगा है। ईडी ने डीआईजी पटियाला रेंज को पत्र लिखकर एफआईआर का विवरण, जांच की स्थिति, गवाहों के बयान, मजीठिया व उनके परिवार के 284 बैंक खातों का विवरण, फर्मों और सदस्यों के रजिस्ट्रार आफ कंपनीज (आरओसी) रिकार्ड और आईटीआर की कापी मांगी है।एसआइटी ने अपनी जांच के दौरान बीती 13 अगस्त को ईडी को पत्र लिख आंशका जताई थी कि इस मामले मनी लार्डिंग का शक है। इस लिए मामले की जांच होनी जरूरी है। जिसके बाद ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर जालंधर जोन की ओर से डीआईजी पटियाला रेंज को मामले से जुड़ा रिकार्ड जल्द से जल्द देने को कहा है। इस मामले में इस साल बीते जनवरी माह में मामले की जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से एसआइटी का गठन किया गया। एसआइटी ने अपनी जांच में पाया कि विदेशी कंपनियों और पारिवारिक फर्मों से 436 करोड़ से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। एक ही दिन और एक ही पते पर बड़ी मात्रा में नकदी जमा करवाई गई। वित्तीय दस्तावेज की जांच में पता चला की सराया इंडस्ट्रीज और संबंधित फर्मों में संदिग्ध निगमन का पता लगाया है। एसआइटी ने जमीनों के सौदे पर भी सवाल उठाए। क्योंकि जिन जमीनों के सौदे हुए उनके मूल्यों में अचानक बढ़ोतरी हुई। जांच में पता चला की मजीठिया उनकी आय उनकी बनाई गई संपत्तियों और खर्चों से कम थी। मजीठिया के खिलाफ पंजाब स्टेट क्राइम पुलिस स्टेशन में 20 दिसंबर 2021 को मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया गया था। 2022 में पंजाब में विधानसभा का चुनाव था।

# राहुल गांधी की अपमानजनक टिप्पणी के तुरंत बाद देश में आंतरिक अशांति शुरू : अमित मालवीय

नई दिल्ली ,एजेंसी । अमेरिका दौरे पर गए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सिखों और चीन पर दिए बयान पर भाजपा ने नाराजगी जाहिर की है। पार्टी ने राहुल गांधी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में एक झूठा और भ्रामक बयान दिया है।

अमित मालवीय ने चंडीगढ़ के ग्रेनेड हमले का जिक्र करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, आप क्रोनोलॉजी को समझिए- राहुल गांधी ने अमेरिका में झूठा और भ्रामक बयान दिया और कहा कि भारत में सिखों के पास स्वतंत्रता और समान अधिकार नहीं हैं। कल चंडीगढ़ में एक धमाका हुआ। सीक्रेंस से पता चलता है कि उनकी अपमानजनक टिप्पणी के तुरंत बाद देश में आंतरिक अशांति शुरू हो गई है। एक दिन पहले बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-10 में स्थित एक कोठी में एक ऑटो से आए कुछ लोगों ने ग्रेनेड फेंका था, जिससे घर के शीशे चकनाचूर हो गए। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एसएसपी कंवरदीप कौर के मुताबिक, पुलिस को शाम 5:30 बजे सूचना मिली की कोठी नंबर 575 पर कोई जलती हुई छोटी चीज फेंकी गई है। वह बहुत जोरदार आवाज के साथ फट गई। शिकायतकर्ताओं के 112 कॉल आए थे। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार दो लोगों ने कोठी पर ग्रेनेड फेंका था। बताया जा रहा है कि यह कोठी किसी एनआरआई की है। इस धमाके की वजह से आसपास की कोठियों के शीशे भी चटक गए थे। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है। राहुल गांधी ने तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर कई ऐसे मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसे लेकर भाजपा उन पर हमलावर है। सिखों को लेकर राहुल ने कहा था, लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं?

यही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने चीन की तारीफ करते हुए कहा था कि जहां एक तरफ भारत में बेरोजगारी का संकट लगातार विकट होता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ चीन और वियतनाम जैसे देशों में रोजगार के नए-नए अवसरों का सृजन हो रहा है। लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहे हैं, लेकिन भारत में लगातार लोग बेरोजगारी का शिकार हो रहे हैं।

# मैनपुरी में भारी बारिश से मकान गिरने की दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत

मैनपुरी ,एजेंसी । उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में गुरुवार को भारी बारिश के कारण दो अलग-अलग जगहों पर मकान गिरने से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। ये हादसे मैनपुरी के कुरावली और भोगांव में हुए। कुरावली तहसील में दीवार गिरने से एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। भोगांव तहसील में दो मासूम बच्चों और एक युवक की दबकर मौत हो गई। पांचों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एडीएम राम जी मिश्रा ने बताया, जनपद से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तहसील कुरावली में एक सूचना प्राप्त हुई, जहां दो लोगों की मृत्यु हुई। इनमें एक महिला और एक युवक शामिल है। इसी तरह तहसील भोगांव में तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें दो बच्चे और एक युवक शामिल है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया, मुझे सुबह पौने छह बजे इस घटना के बारे में जानकारी मिली थी। सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा, तो देखा कि दो लोग दबे हुए थे। इसमें बच्चे भी शामिल थे, जिन्हें निकाल लिया गया था। इन दोनों बच्चों को खुद अपने सामने निकलवाया था, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया, कच्ची दीवार के ऊपर छप्पर पड़ा था। पहले दीवार गिरी। उसके बाद छप्पर गिरा, जिसके नीचे दबकर दोनों की मौत हो गई। बारिश की वजह से यह दीवार गिर गई। घर के मलबे के नीचे दबे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार होकर जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों के घर में शोक का माहौल है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। शुभचिंतक मृतकों के परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं।

# अहमदाबाद से गांधीनगर तक मेट्रो सर्विस का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

गांधीनगर । गुजरात के दो प्रमुख शहर अहमदाबाद और गांधीनगर मेट्रो से जुड़ गए हैं। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने केंद्र और गुजरात सरकार के सहयोग से अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण पूरा कर लिया है। दोनों शहरों के बीच मेट्रो 16 सितंबर से चलेगी। नए फेज में जीएनएलयू, पीडीईयू, जीआईएफटी सिटी और गांधीनगर के सेक्टर-1 जैसे महत्वपूर्ण स्थान मेट्रो से जुड़ जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर सेक्टर-1 में होने वाले एक समारोह में नए फेज का उद्घाटन करेंगे। फेज-2 एक्सटेंशन मोटेरा से गांधीनगर तक 21 किलोमीटर की दूरी को कवर करेगा। इसमें जीआईएफटी सिटी तक पहुंचने के लिए एक अलग कॉरिडोर होगा। इससे स्थानीय लोगों, प्रोफेशनल्स और छात्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। मेट्रो यात्रा के समय को काफी कम कर देगी। अहमदाबाद से गांधीनगर तक एक घंटे में पहुंचना संभव हो जाएगा। इसके अलावा वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, ट्रैफिक और प्रदूषण कम होगा। नए फेज के शुरू होने से एपीएमसी (वासना) से गांधीनगर सेक्टर-1 तक 33.5 किलोमीटर की यात्रा में 65 मिनट लगेंगे और किराया मात्र 35 रुपए होगा। यह टैक्सी या ऑटो-रिक्शा की तुलना में काफी सस्ता ऑप्शन है, जिनसे इस दूरी की यात्रा के लिए 375 रुपए से अधिक का किराया देना पड़ता है।

# डीएम की दो टूक, लापरवाह नौकरशाही नहीं होगी बर्दाश्त

## मूसलाधार बारिश भी नहीं तोड़ सकी डीएम के सिस्टम को दुरुस्त करने का जज्बा



**देहरादून,(सू.का)।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण। जिलाधिकारी आज सुबह वर्षा के बीच प्रातः 9:50 बजे तहसील सदर पंहुचे। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करते हुए देरी से आने वाले कार्मिकों जारी की चेतावनी, 10:30 बजे बाद आने वाले कार्मिकों का 01 दिन के वेतन रोकने के दिए निर्देश। सुस्त कार्य प्रणाली पर डब्लू.बी.एन, ए.डब्लू.बी.एन के तबादले को किया आदेशित।

जिलाधिकारी ने कार्यालयों में जनमानस हेतु आदर्श माहौल स्थापित करने तथा जनमासन के साथ व्यवहार में सौम्यता रखने तथा आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में सीढीयों पर गंदगी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई व्यवस्था हेतु लगाए गए ठकेदार पर अर्थदण्ड की कार्यवाही के निर्देश दिए,जिलाधिकारी के निर्देशो के अनुपालन में नगर निगम द्वारा सम्बन्धित ठकेदार पर 01 लाख का अर्थदण्ड लगया। साथ ही तहसील परिसर में लिफ्ट खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। मौके पर मौजूद एमडीडीए के अधिकारियों ने बताया कि लिफ्ट पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने 01 माह के भीतर लिफ्ट ठीक कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान तहसील में वसूली की प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए वसूली बढाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि 10 लाख से अधिक के बकायेदारों से 01 माह के भीतर वसूली की जाए।, इस कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने लम्बित वाद की स्थिति जानी, म्यूटेशन आदेश के उपरान्त पोर्टल पर अद्यतन किये गए अभिलेखों का विवरण जाना। निर्देशित किया कि म्यूटेशन के आदेश उपरान्त तत्काल पोर्टल पर अद्यतन कर लिए जाएं।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस, नगर निगम, एमडीडीए के अधिकारियों केसाथ पुरानी तहसील का निरीक्षण कर इस स्थान पर मल्टीलेवल ओटोमैटिकध् मैकेनाईज पार्किंग बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। पुराने तहसील परिसर में पार्किंग बनने से जहां बाजार की सड़के जाममुक्त रहेंगी, वहीं यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार, तहसीलदार सदर सुरेन्द्र सिंह,एमडीडीए, लोनिवि आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रसार भारती में आरम्भ हुआ हिंदी पखवाड़ा



**देहरादून (संवाददाता)।** आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र देहरादून में आज हिंदी पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ हुआ। सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहा कि हिंदी भारतीयता की भाषा है। भारतीय भाषाओं में आपस में कोई द्वेष नहीं है। अंग्रेजी कहीं न कहीं बाधा के रूप में सामने आती है। श्रीभट्ट ने कहा कि भाषा हमें जोड़ती है। हमें अपनी सोच को बदलना होगा और हिंदी बोलने में गौरव करना होगा। कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन के क्लस्टर प्रमुख अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और कार्यालयी कार्य में इसका अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र देहरादून के क्षेत्रीय समाचार एकांश की प्रमुख साक्षी सिंह ने बताया कि दक्षिण भारत में कार्य करते हुए उन्हें कभी भी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, क्योंकि वहां के लोग हिंदी का बहुत सम्मान करते हैं। इस अवसर पर दूरदर्शन केंद्र देहरादून के सहायक निदेशक (कार्यक्रम) अनिल भारती ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी दी इस अवसर पर दूरदर्शन और आकाशवाणी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस की केदारनाथ धाम की द्वितीय चरण की यात्रा का केदारनाथ में पूजा अर्चना के उपरांत समापन

**देहरादून (संवाददाता)।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में केदारनाथ धाम के द्वितीय चरण की यात्रा का केदारनाथ में पूजा अर्चना के उपरांत सकुशल सम्पन्न की गयी। उपरोक्त जानकारी देते हुए यात्रा मीडिया प्रभारी अभिनव थापर ने बताया कि उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विश्व सनातन धर्म की आस्था के केन्द्र श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के साथ छेड़-छाड़ करते हुए नई दिल्ली में केदारनाथ शिला ले जाकर सदियों पुरानी वैदिक एवं सनातनी परम्पराओं को तोड़ते हुए मन्दिर के नाम पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ज्योतिर्लिंग की स्थापना कर समस्त हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ किये जा रहे खिलवाड के विरोध में हरकी पैडी हरिद्वार से श्री केदारनाथ तक आयोजित पद यात्रा (श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा) को अत्यधिक वर्षा के चलते यात्रा मार्ग में आई दैवीय आपदा के बाद भी आज सकुशल रूप से केदारनाथ जी में सकुशल समापन किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा जिस तरह से भाजपा सरकार ने श्री केदारनाथ को बॉटने का काम किया है। उससे सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों को ठेस पहुँची है। उन्होंने कहा श्री केदारबाबा का अनादर करना भाजपा को बहुत मंहगा पडेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए आये जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे हथकण्डे अपना रही है। आज केदारनाथ जी के आशीर्वाद से हमारी यात्रा संपन्न हो गई अब कांग्रेस बीजेपी केदारनाथ धाम कि जनता के सामने लगातार उजागर करती रहेगी। यात्रा मीडिया प्रभारी अभिनव थापर ने बताया कल रात्रि अध्यक्ष करन माहरा व सभी वरिष्ठ साथियों ने केदारनाथ जी की संध्या-आरती में भाग लिया।

## खाड़ी महाविद्यालय में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**देहरादून (संवाददाता)।** स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजकीय महाविद्यालय खाडी में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्रों को तनाव से निपटने के तरीके के बारे में जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा स्ट्रेस मैनेजमेंट की तकनीकी और समय प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई उन्होंने बताया कि इन तकनीकियों को दैनिक जीवन में शामिल करके तनाव को काफी हद तक काम किया जा सकता है। तनाव आज के समय में एक आम समस्या बन चुका है और इसका प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है विषय विशेषज्ञ डॉक्टर तनुजा पोखरियाल ने बताया कि हमें अपने तनाव व समस्या के बारे में अपने परिजनों से खुलकर चर्चा करनी चाहिए जिससे समाधान की ओर बढ़ा जा सके उनके द्वारा बताया गया कि किस प्रकार नकारात्मक विचार दबाव और जीवन की अनिश्चितताएं तनाव को जन्म देती हैं उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्म जागरूकता और सकारात्मक सोच तनाव को प्रबंध करते हैं। कार्यशाला की संयोजक डॉक्टर सीमा पांडे द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि योग और ध्यान न केवल शरीर को लचीला और स्वस्थ बनाते हैं बल्कि मन को शांत और स्थिर भी रखता है तनाव से बचने के लिए यह सबसे सरल और प्रभावित तरीका है ,उन्होंने छात्राओं को यह भी कहा कि जितना ज्यादा हम संचार के माध्यम का प्रयोग करेगे उतना ही हम परिवार और समाज से दूर होते जायेगे इसी क्रम में कार्यशाला की आयोजक डॉक्टर संगीता बिजलवान जोशी द्वारा छात्राओं को तनाव से निपटने के लिए समूह गतिविधियों के माध्यम से समस्या समाधान और तनाव निवारण की तकनीकियों को सिखाया उनके द्वारा बताया गया कि किस तरह हम तनाव के शारीरिक मानसिक लक्षणों की पहचान करते हैं तथा उनसे निपटने के लिए रणनीतियां को विकसित करते हैं उनके द्वारा छात्रों को स्वस्थ भोजन ,व्यायाम तथा पसंद के कार्य करने के लिए प्रेरित किया समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एके सिंह ने कार्यशाला के सफल होने तथा इस कार्यशाला द्वारा तनाव प्रबंधन के महत्व को उजागर किया और सभी को अपने जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी।

## नगर पालिका नई टिहरी का कूड़ाघर मलबे में दबा



**टिहरी, (संवाददाता)।** मोकरी में नगर पालिका नई टिहरी का कूड़ाघर मलबे में दब गया है। सरकारी संपत्ति के नुकसान होने पर नगरपालिका और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों में तालमेल नहीं दिखाई दिया। भागीरथीपुरम-खेमड़ा-मुन्दोली सड़क बनाते समय ठेकेदारों के द्वारा सड़क कटिंग के लिए जो मिट्टी खोदी गई, उस मिट्टी को डंपिंग वाली जगह में न डालकर सीधे सड़क के किनारे जंगल मे डाल दिया गया। जैसे ही तेज बारिश हुई तो सड़क के किनारे फेंकी गई मिट्टी सीधे बी-पुरम भेतोगी के पास मोकरी के कूड़ाघर के ऊपर बहकर आ गई, जिसमें नगरपालिका नई टिहरी का कूड़ाघर मलबे में दब गया। कूड़ाघर मिट्टी के मलबे में दबने के बाद भी नगर पालिका नई टिहरी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लापरवाह बने हैं। आपको बता दें कि मोकरी में बनाये गये कूड़ाघर में नई टिहरी शहर और चम्बा शहर का सारा कूड़ा गंदगी उठाकर रखा जाती है। इस कूड़ाघर के ठीक ऊपर भागीरथीपुरम-खेमड़ा-मुन्दोली नई सड़क बनाई जा रही है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने कहा कि पीडब्ल्यूडी बौराड़ी के द्वारा सड़क बनाई जा रही है। उसका पूरा मलबा कूड़ाघर के ऊपर आ गया है। इससे यह नुकसान हुआ है। इसको सही करने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिख दिया है।

## ऑनलाइन फेस्टिव शॉपिंग के लिए भारतीय ग्राहक तैयार

**देहरादून (संवाददाता)।** भारत में हर साल की तरह इस बार भी त्योहारों की तैयारियां पूरे जोर पर हैं। त्योहारों की इस तैयारी के बीच अमेजन इंडिया ने इप्सोस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक स्टडी करवाई है इस स्टडी से पता चलता है कि इस साल त्योहारों पर खरीदारी को लेकर ग्राहक काफी उत्साहित हैं। सर्वे में शामिल लोगों में से 89 प्रतिशत ने बताया कि वे आगामी त्योहारों के लिए कितने उत्साहित हैं। वहीं 71 प्रतिशत ने इस त्योहारी मौसम में ऑनलाइन खरीदारी करने का इरादा जताया है। सर्वे में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस और खरीदारी की इच्छा में वृद्धि साफ देखने को मिली है। ऑनलाइन खरीदारी का इरादा रखने वाले लगभग 50 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे पिछले साल की तुलना में इस साल ऑनलाइन त्योहारी खरीदारी पर ज्यादा खर्च करेंगे। यह ट्रेंड महानगरों (55 प्रतिशत) से लेकर टियर-2 शहरों (10-40 लाख आबादी वाले शहरों में 43 प्रतिशत) में देखने को मिला है। अमेजन इंडिया में कैटेगरी लीडरशिप के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहारी सीजन भारत की परंपराओं, संस्कृतियों और उनसे उत्पन्न होने वाली भावनाओं के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।

# लूटेरा गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



**हरिद्वार, ( संवाददाता )।** जिले के कई थाना क्षेत्रों में महिलाओं से सोने के आभूषण लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से लूटा गया सामान बरामद किया गया है। आरोपी के पास जिंदा कारतूस और तमंचा भी मिला है। पुलिस ने आगे कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीती 3 सितम्बर की सुबह कुछ घंटे के भीतर ही गंगनहर कोतवाली और ज्वालापुर क्षेत्रान्तर्गत बाइक सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा महिलाओं को टार्गेट करते हुए लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया गया। मॉर्निंग वॉक पर निकली आर्य नगर निवासी महिला से अवधूत मंडल आश्रम के पास अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक ने झपट्टा मारकर सोने के आभूषण छीन लिए। जिस संबंध में कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं इससे पहले कोतवाली गंगनहर क्षेत्रान्तर्गत दो महिलाओं को डराकर झूमके आदि लूटने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।

महिलाओं को निशाना बनाती इन घटनाओं की वजह से शहर से लेकर देहात तक सनसनी फैल गई। जिस पर ज्वालापुर पुलिस ने गम्भीरता से प्रयास कर 5 सितम्बर को इन घटनाओं में शामिल बाल अपचारी को अपने संरक्षण में लेकर गंगनहर कोतवाली क्षेत्र से लूटे गए पीली धातु के बाली के टुकड़े, झुमका, 1 मोटरसाइकिल व 1 मोबाइल फोन बरामद कर लिया था लेकिन वारदात में शामिल दूसरा आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी थी। इस मामले में पुलिस ने एक सूचना के बाद बीती रात तलाशी के दौरान एक बिना नम्बर की बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान फरार आरोपी प्रशांत के रूप में हुई। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से लूटी गई पीली धातु के आभूषण, पैण्डेंट के साथ ही 1 तमंचा व 1 कारतूस भी बरामद किया।

## बढ़ते अपराधों पर शासन-प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ हरदा ने निकाला मार्च



**हरिद्वार, ( संवाददाता )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को रानीपुर मोड पर 15 मिनट का मौन रखा। इसके बाद हरीश रावत ने रानीपुर मोड से पैदल मार्च निकाला। उत्तराखण्ड कांग्रेस के शीर्ष नेता हरीश रावत ने पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी हरिद्वार रानीपुर ज्वेलरी लूटकांड का खुलासा नहीं हुआ तो वो इस लड़ाई को देहरादून मुख्यमंत्री और गवर्नर के पास तक लेकर जाएंगे। इस मौके पर हरीश रावत ने कहा कि हरिद्वार में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो गई है। जिले में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध बढ़ रहे हैं। दलित और अल्पसंख्यक असुरक्षित है। साथ ही व्यापारी भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। उत्तराखण्ड की धामी सरकार लोगों को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था देने में पूरी तरह से फेल है। हरीश रावत ने कहा कि डकैत दिनदहाड़े आए और ज्वेलरी शोरूम में डकैती डालकर फरार हो गए। अभी तक भी पुलिस उन डकैतों का पता नहीं लगा पाई है। हरीश रावत ने साफ किया कि उन्होंने पहले ही हरिद्वार के पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दे दी थी कि वो 11 सितंबर तक हरिद्वार ज्वेलरी लूटकांड का खुलासा करेंगे। यदि इसके बाद भी खुलासा नहीं हुआ तो वो 12 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करेंगे और फिर इस मामले को लेकर देहरादून तक जाएंगे।

# केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा कांग्रेस का अहंकार, अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता करें: गैरोला

**-भ्रष्टाचार में दागदार हरदा और कांग्रेस को दूसरों पर झूठे आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नही**

**-सरकार और संगठन के कामों से केदारनाथ का परिणाम भाजपा के पक्ष में आना तय**



**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा ने कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा को उनका अहंकार बताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं 20 सूत्रीय क्रियान्वहन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने निशाना साधा कि भगवान शिव स्वयंभू प्रतिष्ठित है और उनकी कृपा से ही दुनिया स्थापित है। लिहाजा कांग्रेस को अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने हरदा पर पलटवार किया कि जिनके भ्रष्टाचार के दागों को जनता ने टीवी पर देखा हो, उन्हे दूसरों पर आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब उन्होंने कहा, कांग्रेस को अपने अहंकार को कम करने की जरूरत है कि वह राजनीतिक उद्देश्यों से निकलने वाली अपनी यात्रा से बाबा केदार की प्रतिष्ठा में लेश मात्र भी फर्क ला सकते हैं। बाबा केदार स्वयंभू प्रतिष्ठित हैं और उनकी कृपा मात्र से ही दुनिया स्थापित है। लिहाजा कांग्रेस को तो अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता करने की जरूरत है, जो साल दर साल शून्यता की और बढ़ रही हैं। इस सबके लिए उन्हें अपने वैचारिक, सिद्धांतों एवं व्यवहार में आमूल चूल परिवर्तन करने की जरूरत है । जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी की यह यात्रा राजनीतिक ढोंग से अधिक नहीं है। प्रदेश और केदार घाटी की जनता उनके मंतव्य से अच्छी तरह वाकिफ है, यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को इस यात्रा से कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है।

केदारनाथ उपचुनाव तैयारी को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, हम प्रत्येक चुनाव को गंभीरता से लेते हैं इसी क्रम में केदारनाथ सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर भी पार्टी का कैडर जुट गया है। वहां ब्लॉक, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक की योजनाएं बनाकर उनके क्रियान्वन पर भी काम शुरू हो गया है । भाजपा कैडर आधारित पार्टी है इसीलिए वहां सरकार के मंत्रियों को भी बतौर कार्यकर्ता मंडलों की जिम्मेदारी दी गई है। अब कांग्रेस में कोई भी अपने को कार्यकर्ता ही नहीं मानता हो, सभी अपने को नेता और दूसरे को कार्यकर्ता मानता हो, विधायक प्रदेश अध्यक्ष की नही मानते हों तो इसमें भाजपा का कोई दोष नहीं है। फिलहाल डबल इंजन सरकार के कामों और पार्टी के प्रति जनता का भरोसा बताता है कि केदारनाथ का परिणाम भाजपा के पक्ष में आने वाला है। साथ ही केदारनाथ चुनाव के मुद्दों को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर स्पष्ट किया कि तुष्टिकारण और अराजकता की राजनीति करना तो कांग्रेस का चरित्र है। हमने यूसीसी, धर्मांतरण, अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की है, क्योंकि वह सब हमारे संकल्प पत्र में था। हमारे पास जनधन खाते, आयुष्मान योजना, महिला आरक्षण, नकल कानून जैसे अनेकों उपलब्धियां है। और रोजगार के क्षेत्र में तो मुख्यमंत्री धामी रिकॉर्ड संख्या में नौकरियां उपलब्ध कराने वालों में शीर्ष पर हैं। जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से लगभग 20 हजार एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाखों युवाओं को नौकरी देने का काम किया है । आज उनके नेतृत्व में प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो युवाओं के बारे में सोचती है और निर्णायक रूप से काम भी करती है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को लेकर हरीश रावत के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, हरदा पर तो आज भी भ्रष्टाचार के केस चल रहे हैं। और वह सब मामले ऐसे जिसमें जनता ने कैमरे पर उन्हें राज्य का सौदा करते देखा। उनका और कांग्रेस का पूरा दामन भ्रष्टाचार के आरोपों से दागदार है। लिहाजा उनको किसी दूसरे पर ऐसे झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

# उत्तराखण्ड वित्त सेवा संघ का 10वाँ वार्षिक अधिवेशन में गठित हुई नई कार्यकारिणी

**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखण्ड वित्त सेवा संघ का 10वाँ वार्षिक अधिवेशन देहरादून के राजपुर रोड स्थित होटल अकेता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल बतौर मुख्यअतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अधिवेशन का शुभारंभ वित्त मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री आनंद बर्द्धन, सचिव वित्त श्री दिलीप जावलकर, निदेशक कोषागार श्री दिनेश चंद्र लोहनी तथा उत्तराखण्ड वित्त सेवा संघ के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह तोमर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में वित्त सेवा से जुड़े अधिकारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वित्त सेवा प्रतिष्ठा प्राप्त सेवा है। वित्त विभाग सरकार का महत्वपूर्ण अंग होती है जो कि वित्तीय अनुशासन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य द्वारा राज्य के चहुँमुखी विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में वित्त विभाग बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्त मंत्री द्वारा वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ शासन की नींव बताते हुए संघ की माँगो पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

अपने संबोधन में अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने राज्य के विकास में उत्तराखण्ड वित्त सेवा के योगदान का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिदृश्यों के अनुसार अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली तथा नियमों की व्याख्या करनी होगी, ताकि सरकार आम जनमानस की अपेक्षाओं को पूरा कर सके।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड वित्त सेवा की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष के पद पर श्री जयपाल सिंह तोमर, महासचिव के पद पर श्री खज़ान चंद्र पांडेय तथा उपाध्यक्ष गढ़वाल के पद पर श्री भूपेन्द्र प्रसाद कांडपाल को यथावत रखते हुए उपाध्यक्ष कुमाऊँ के पद पर श्री सूर्य प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष के पद पर श्री संजीव कुमार तथा सचिव प्रशासन के पद पर श्रीमती शशि सिंह का चुनाव किया गया। संघ के महासचिव श्री खज़ान चंद्र पांडेय द्वारा समस्त वित्त परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक राजभवन द्वारा किया गया इस दौरान अपर सचिव मुख्यमंत्री श्री मनमोहन मैनाली, अपर सचिव वित्त श्री अरुणेन्द्र चौहान, श्री गंगा प्रसाद, श्रीमती अमिता जोशी सहित उत्तराखण्ड वित्त सेवा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने जागतोली दशज्यूला विकास महोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित

## केदारनाथ क्षेत्र, उत्तराखंड की आस्था, समृद्ध परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम

**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में वर्चुअल रूप से रूद्रप्रयाग में आयोजित जागतोली दशज्यूला विकास महोत्सव-2024 कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जागतोली दशज्यूला महोत्सव की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दशज्यूला का यह क्षेत्र सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिणिक गतिविधियों का केंद्र एवं प्राचीन परंपराओं, मेलों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस क्षेत्र की नैणी चोटी पर विराजमान मां नैणी देवी समस्त उत्तराखंड वासियों की रक्षा करती हैं। यह क्षेत्र उत्तराखंड की आस्था, समृद्ध परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम भी है। पारंपरिक मेले हमारे भीतर धार्मिक ऊर्जा को मजबूत कर हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और एकता, समर्पण एवं आस्था की भावना को बढ़ाते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदार की धरा से कहा था कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के कथन को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रदेश को आर्थिक, औद्योगिक और सतत विकास के दृष्टिकोण से देश दुनिया में एक अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक स्व. शैला रानी ने इस क्षेत्र के विकास और यहां के लोगों के कल्याण की हमेशा चिंता की। राज्य सरकार उनके सपनों को अवश्य पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित हर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए प्रदेश के हर वर्ग का जीवन स्तर ऊपर उठाया जा रहा है। केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम सहित विभिन्न पौराणिक स्थलों के पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। केदारनाथ धाम में करीब 2 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत से पुनर्निमाण कार्य करवाए जा रहे हैं। बद्रीनाथ के मास्टर प्लान पर भी तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य सरकार चार धाम यात्रा को और अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बना रही है। उन्होंने कहा बड़ी आपदाओं का सामना करने के बावजूद सरकार समय पर प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं आपदा प्रभावित विभिन्न जगहों पर जाकर वहां की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। केदारनाथ धाम का पैदल मार्ग भी प्राकृतिक आपदा के चपेट में आने से यात्रा मार्ग में फंसे हर एक श्रद्धालु को सुरक्षित लाया गया। बाबा केदार के आशीर्वाद से ही हजारों लोगों को सकुशल नीचे लाने में कामयाब हुए। राज्य सरकार ने केदारनाथ धाम के मार्गों को ठीक करने एवं यात्रियों की सुरक्षा और भी पुख्ता करने की दिशा में 30 करोड़ रूपए की राशि जारी की है। उन्होंने कहा प्रदेश का हर नागरिक उनका परिवार है और अपने परिवार के किसी भी सदस्य को आपदा में अकेला नहीं छोड़ना उनका संकल्प है। उन्होने कहा केदारनाथ क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में विकास की धारा को अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है।

## उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की नियमावली बनाने को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न



**देहरादून ( संवाददाता )।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी तथा उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बीजापुर अतिथिगृह में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आज की बैठक में गृह, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, अल्पसंख्यक, संस्कृति, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, नियोजन, वित्त विभाग के सहयोग व समन्वय से उत्तराखण्ड यूसीसी की नियमावली बनाने से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व उत्तराखण्ड यूसीसी सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए बनने वाली नियमावली को अन्तिम रूप देने में सभी विभागों को सहयोग व समन्वय के निर्देश दिए हैं।


यूसीसी सदस्य मनु गौर, सुरेखा डंगवाल, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु सहित गृह, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, अल्पसंख्यक, संस्कृति, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, नियोजन, वित्त विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर निगम की टीम ने की मॉनिटिरिंग

### -लापरवाही बरतने पर कूड़ा उठान कंपनियों पर लगाया जुर्माना



**देहरादून ( संवाददाता )।।** नगर निगम की टीम ने मॉनिटिरिंग के दौरान कूड़ा उठान कार्यों में लापरवाही बरतने पर कंपनियों पर एक लाख 99 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुसार उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सनलाइट वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के 12 वाहन और इकॉन वाटर ग्रेस मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड के 06 वाहन डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए अपने निर्धारित रूट पर रवाना नहीं हुए। साथ ही अनुबन्धित फर्मों के कई कर्मचारी बिना वर्दी और पहचान पत्र के कार्य करते हुए पाए गए। इस क्रम में सनलाइट वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर 6,000 रुपए और इकॉन वाटर ग्रेस मेनेजमेन्ट सर्विसेज लिमिटेड पर 3000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही प्रमुख स्थानों और मार्गो पर स्थित जीवीपी स्थलों से कूड़ा न उठाने पर नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षक के माध्यम से इकॉन वाटर ग्रेस मेनेजमेन्ट सर्विसेज लिमिटेड पर कुल 70,000 रुपए (सचिवालय परिसर से कूड़ा न उठने के लिए 50,000 रुपए, सहस्त्रधारा कासिंग वार्ड 46 अधोईवाला से कूड़ा न उठाने के लिए 10,000 रुपए और नालापानी कासिंग वार्ड 61 आमवाला तरला से कूड़ा न उठाने के लिए जुर्माना लगाया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया है कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व्यवस्था का निरीक्षण करने, नगर निगम और कूड़ा उठान कम्पनियों के मध्य हुए अनुबन्ध की शर्तों के पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। कूड़ा उठान में अनियमितता पाए जाने पर कम्पनियों पर कुल 1 लाख 99 हजार अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई। 10,000 रुपए के साथ ही इकॉन वेस्ट मेनेजमेन्ट पर 50,000 रुपए (बन्नू स्कूल, रेसकोर्स- वार्ड 20 से कूड़ा न उठाने के लिए) के चालान काटे गए।

# उच्च शिक्षा में फिर बढ़ाई गई प्रवेश पंजीकरण की तिथि

## -20 सितम्बर तक एडमिशन को खुला रहेगा समर्थ पोर्टल

**देहरादून ( संवाददाता )।** प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं अन्य कारणों को दृष्टिगत रखते हुये उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पंजीकरण की तिथि को बढ़ा दिया गया है। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राएं आगामी 20 सितम्बर तक उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को समर्थ पोर्टल खोलने के निर्देश दे दिये गये है।



सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालय परिसरों एवं उनसे सम्बद्ध निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिये ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि को विस्तारित कर 20 सितम्बर कर दिया है। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राएं अब निर्धारित तिथि तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकेंगे और उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश ले सकेंगे। इस संबंध में शासन स्तर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर में ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 17 सितम्बर निर्धारित की गई है, 19 सितम्बर तक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी जबकि 20 सितम्बर तक प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिये यह छात्र-छात्राओं के पास अंतिम अवसर होगा। इस संबंध में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा सहित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

डॉ. रावत ने बताया कि अबतक राज्य के कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 136830 छात्र-छात्राएं ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं तथा 79185 ने प्रवेश ले लिया है। जिसमें स्नातक स्तर पर पंजीकरण कराने वाले छात्रों की कुल संख्या 102823 है तथा परास्नातक स्तर पर 34007 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। जबकि स्नातक स्तर पर 64397 तथा परास्नातक स्तर पर 14788 छात्र-छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं।

# प्रधानाचार्य भर्ती निरस्त नहीं तो आंदोलन भी वापस नहीं

**देहरादून ( संवाददाता )।** प्रधानाचार्य की विभागीय सीधी भर्ती को निरस्त करने की मांग को लेकर शिक्षकों का शिक्षा निदेशालय पर क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। आज गुरूवार को टिहरी और चंपावत के शिक्षक अनशन पर बैठे। शिक्षकों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भर्ती को स्थगित करने के बजाए तत्काल निरस्त करने की मांग की। राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि जब तक परीक्षा पूरी तरह से निरस्त नहीं की जाती, शिक्षक आंदोलन वापस नहीं लेंगे। अभी हाल में सरकार ने भर्ती को स्थगित किया है। न तो संघ को ही विधिवत सूचना दी और न ही कोई समझौता ही किया है। जब तक सरकार शत प्रतिशत प्रमोशन और वर्तमान सीधी भर्ती पर पुनर्विचार करने का लिखित आश्वासन नहीं देती, शिक्षक आंदोलन जारी रहेगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि भर्ती स्थगित होने के आधार पर गुमराह न हों। प्रधानाचार्य का पद शतप्रतिशत पदोन्नति का पद है। यदि सरकार न मानी तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। आज क्रमिक अनशन पर जिलाध्यक्ष-टिहरी दिलबर रावत, बुद्धि प्रसाद भट्ट,जगमोहन शर्मा,लक्ष्मण सिंह रावत, संजय गुसाईं, जिलाध्यक्ष- चंपावत जगदीश अधिकारी,इंदुवर जोशी, अमित कुमार, कुलदीप चौहान, विनोद गहतोड़ी, गोविंद मेहता आदि बैठे। दोपहर अपर निदेशक-माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती ने फोन पर संघ अध्यक्ष चौहान से बात की। उन्होंने कहा कि सरकार ने भर्ती को फिलहाल स्थगित कर दिया। उन्होंने से अब शिक्षकों से आंदोलन वापस लेकर शिक्षा व्यवस्था को सुचारू करने करने की अपील की। हालांकि संघ ने बिना लिखित आश्वासन लिए आंदोलन वापस लेने से इंकार कर दिया। धरना-प्रदर्शन में जगदीश बिष्ट, लक्ष्मण सजवान, दिनेश नौटियाल, राजमोहन सिंह रावत,प्रणय बहुगुणा, श्याम सिंह सरियाल,गोकुल सिंह मार्तोलिया,हेमंत पैन्यूली आदि शामिल रहे।

## लिखवार गांव में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू

नई टिहरी। उत्तरांचल दैवीय आपदा पीड़ित सहायता समिति की ओर से प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के लिखवार गांव में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया गया। गुरुवार को लिखवार गांव में सिलाई केंद्र का ग्राम प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली, समिति के केंद्रीय महामंत्री राकेश बडोनी और उत्तरांचल उत्थान परिषद के कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर पैन्यूली ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं दैनिक कार्यों के साथ अपने गांव में रहकर सिलाई प्रशिक्षण लेकर समृद्ध बन सकती हैं। इस मौके पर बृजमोहन पैन्यूली, नीरज पैन्यूली, कमलेश्वर प्रसाद पैन्यूली, भुवन चन्द्र पैन्यूली, नवेंद्र पैन्यूली, प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका सीमा पैन्यूली, मछेंद्रा देवी, पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, राजकुमारी देवी, सरिता देवी, रेणुका देवी, करिश्मा, बबीता देवी, गीता देवी, मंजू देवी, अंजू देवी, वैष्णवी देवी मौजूद रहे।

# श्रीचंद्र जयंती के उपलक्ष्य में किया संत समागम का आयोजन

## सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में संत समाज का अहम योगदान-महंत भगतराम

हरिद्वार, संवाददाता। श्रीचंद्र जयंती के उपलक्ष्य में कनखल स्थित श्री अवधूत जगतराम उदासीन आश्रम में संत समागम का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत सुतिक्ष्ण मुनि के संयोजन में आयोजित संत समागम में सभी तेरह अखाड़ों के संतों ने भगवान श्रीचंद को नमन किया। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के मुखिया महंत भगतराम महाराज ने कहा कि भगवान शिव के अवतार भगवान श्रीचंद्र ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए पूरे देश का भ्रमण कर समाज को एकजुट किया। भगवान श्रीचंद्र के दिखाए मार्ग पर चलते हुए संत समाज सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में अपना योगदान कर रहा है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करते हुए सदैव मानव कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहने वाले संत महापुरूषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि जन-जन के आराध्य भगवान श्रीचंद्र की शिक्षाएं सदैव समाज का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

महामंडलेश्वर स्वामी भगवतस्वरूप, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद व स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे श्रेष्ठ संस्कृति है। भगवान श्रीचंद्र द्वारा स्थापित आदर्श परंपराओं को संत महापुरूष आगे बढ़ा रहे हैं। श्री अवधूत जगतराम उदासीन आश्रम के महंत सुतिक्ष्ण मुनि ने सभी संतजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान श्रीचंद्र की शिक्षाओं और उपदेशों को आत्मसात कर संत परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाज का मार्गदर्शन करना ही संत समाज का लक्ष्य है।

इस अवसर पर कोठारी महंत राघवेंद्र दास, कोठारी महंत जसविन्दर सिंह, स्वामी अनंतानंद, श्रीमहंत जगतार मुनि, महंत आकाश मुनि, महंत मंगलदास, महंत मोहन सिंह, महंत तीरथ सिंह, स्वामी दिनेश दास, स्वामी चिदविलासानंद, महंत निर्भय सिंह, स्वामी कृष्णानंद, महंत रघुवीर दास, महंत दुर्गादास, महंत प्रह्लाद दास, महंत प्रबोधानांद गिरी, महंत अरूणदास, महंत मुरली दास सहित बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग की साहिबा का सीड फंड के लिए चयन

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग की एमएससी की छात्रा साहिबा का देवभूमि उद्यमिता योजना के सीड फंड के लिए चयन हुआ है। समिति के संयोजक डॉ. हरीश बहुगुणा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवा उद्यमियों को अपने व्यवसायिक विचारों को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। साहिबा को उनके स्टार्टअप आइडिया श्वेस्ट मटेरियल से डेकोरेटिव आइटमश बनाने के लिए ७५००० रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि साहिबा का स्टार्टअप आइडिया पर्यावरण संरक्षण में मददगार साबित होगा। देवभूमि उद्यमिता साहिबा ने अपनी नवाचारी सोच व रचनात्मकता के चलते यह उपलब्धि हासिल की हैस इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीएन खाली ने साहिबा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त कर कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# महिलाओं के हितों में अनेकों योजनाओं का संचालन कर रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी-किरण सिंह

हरिद्वार, संवाददाता। 22 सितंबर को सुभाष नगर के त्रिमूर्ति नगर में वरिष्ठ भाजपा नेत्री किरण सिंह के संयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। सम्मान समारोह की तैयारी से पूर्व सुभाष नगर में किरण सिंह के संयोजन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मान समारोह की तैयारी में सहयोग करने वाली भाजपा नेत्रियों को दिशा निर्देश देते हुए अधिक से अधिक महिला शक्ति को सम्मिलित किए जाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेत्री किरण सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिलाओं के हितों में अनेकों योजनाएं संचालित कर रहे हैं। घरेलू महिलाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए पूरे प्रदेश में लघु उद्योग महिलाओं के द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भाजपा पार्टी में महिलाओं को उचित सम्मान मिलता है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। किरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रहे हैं। बेटियों के संरक्षण संवर्धन में प्रदेश सरकार सजगता से काम कर रही है।

युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि भाजपा की रीती नीतियों एवं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार वृहदस्तर से किया जाना चाहिए। सुभाष नगर में आयोजित होने वाला सम्मान समारोह सफ्लता के नए आयाम रचेगा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं भाजपा के

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मान समारोह की बैठक

विधायक सम्मान समारोह में सम्मिलित होंगे। महिलाओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। प्रत्येक महिला कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सम्मान समारोह में अपना सहयोग प्रदान करें। किरण सिंह ने कहा कि सम्मान समारोह में 6 हजार महिलाएं सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस अवसर पर आराधना पांडे, कला देवी, प्रतिभा देवी, गुरमीत कौर, जसविंदर कौर, पूनम यादव, रीना सिंह, दीप्ति देवी, गीता सिंह, निर्मला, उषा राय, विश्वास राजेश्वरी, किरण देवी, अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**देहरादून ( संवाददाता )।** रायवाला क्षेत्र में एक बन्द मकान में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुक्रवार की सुबह लगभग 9:00 बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली की गोल कोठी के पास एक दुकान के ऊपर प्रथम तल के मकान में आग लग गई है। सूचना पर पुलिस तथा फायर की गाड़ी मौके पर पहुँची तथा राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। मौके पर दमकल के वाहन द्वारा आग पर काबू पाया गयास घटना के संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि उक्त मकान में प्रेमचंद पुत्र स्वर्गीय रामाशीष निवासी गैस गोदाम के पास वाली गली, गोल कोठी के पास हरिपुर कला, थाना रायवाला अपने परिवार के साथ निवास करते है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
सम्पादक: अवनीश कुमार, मो0 9410553400
ई-मेल: liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।